वागड़ संदेश

wagadsandesh.com

Tital Code : RAJHIN27802

सम्पर्क

ई-पेपर मे खबरे व विज्ञापन के लिये सम्पर्क करें

ई-मेल - editorwagadsandesh@gmail.com

8890633631
9309255545
6351541818

वर्ष-1 अंक-53 सागवाड़ा, रविवार, 17 अक्टूबर, 2021 अवधि: हिन्दी ई-पेपर पृष्ठ-1, मूल्य-10 रु. (वार्षिक)

पोहरी पटेलान में जिला स्तरीय हॉकी प्रतियोगिता की पूर्व तैयारी बैठक हुई

झौथरी। राजकीय उच्च माध्यमिक विधालय पोहरी पटेलान में 65 वी जिला स्तरीय हॉकी प्रतियोगिता की पूर्व तैयारी के लिए बैठक आयोजित हुई। बैठक प्रभारी पीईईओ करावाडा हमराज सिह चौहान, पीईईओ पोहरी खातुरात नानालाल आमलीया, कार्यवाहक संस्था प्रधान पोहरी पटेलान महेंद्र डामोर व सरपंच पोहरी पटेलान भीमराज डामोर के सानिध्य में आयोजित हुई। बैठक मे पीईईओ हमराज सिह चौहान ने प्रतियोगिता की जानकारी देते हुए बताया कि 21 से 24अक्टूबर तक जिला स्तरीय हॉकी प्रतियोगिता आयोजित करानी है। कार्यवाहक संस्था प्रधान ने महेंद्र डामोर ने रुपरेखा प्रस्तुत करते हुए ग्रामीणों से सहयोग की अपील की 7 बैठक में पीटीए अध्यक्ष अमरसिह राठौड, पूर्व सरपंच शिवलाल डामोर, पंकज पाटीदार, प्रभूलाल डामोर , दिनेश पाटीदार, उदयलाल रोत, शारिरीक शिक्षक योगेश पाटीदार, भवदीप पाटीदार, नारायणलाल, लालूराम कटारा, चंदूलाल , मूकेश पाटीदार सहित ग्रामीण मौजूद रहे ।

अशोक गहलोत की राहुल और प्रियंका गांधी के साथ हुई चर्चा

मंत्री मंडल विस्तार और राजनीति नियुक्तियों को लेकर बनाई रणनीति

जयपुर। कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष राहुल गांधी और महासचिव प्रियंका गांधी वाड्रा के साथ शनिवार देर शाम मुख्यमंत्री अशोक गहलोत की लंबी बैठक हुई। इस बैठक में प्रदेश प्रभारी अजय माकन व संगठन महासचिव केसी वेणुगोपाल भी मौजूद थे। सूत्रों के अनुसार, बैठक में राहुल व प्रियंका ने मंत्रिमंडल में फेरबदल की बात कही। इस पर गहलोत ने हामी भरी, लेकिन उन्होंने बसपा छोड़कर कांग्रेस में शामिल होने वाले विधायकों व पायलट खेमे की बगावत के समय सरकार को बचाने वाले निर्दलीय विधायकों को भी मंत्रिमंडल और राजनीतिक नियुक्तियों में जगह देने की बात कही। गहलोत ने पायलट खेमे के दो विधायकों द्वारा की जाने वाले बयानबाजी का विवरण भी राहुल गांधी के समक्ष रखा।सूत्रों के अनुसार, पार्टी आलाकमान चाहता है कि गहलोत एक बार सभी मंत्रियों के इस्तीफे लें और फिर नए सिरे से मंत्रिमंडल का पुनर्गठन कर किया जाए, लेकिन सीएम दो से तीन मंत्रियों को हटाकर खाली स्थानों पर नए मंत्री बनाना चाहते हैं। शनिवार को हुई बैठक में इस मुद्दे पर चर्चा हुई। हालांकि बाद में गहलोत ने आलाकमान की मंशा के अनुसार, फैसला करने की बात कही है। सूत्रों के अनुसार, दो विधानसभा सीटों वल्लभनगर और धरियावद पर 30 अक्टूबर होने वाले उप चुनाव के बाद मंत्रिमंडल का पुनर्गठन करने पर सहमति बनी है।

18 साल के 12वीं के स्टूडेंट ने किया सुसाइड

डूंगरपुर। बलवाडा गांव में एक 12वीं कक्षा के स्टूडेंट ने रस्सी से फंदा लगाकर सुसाइड कर लिया। सुबह माता-पिता सोकर उठे तो बेटा नहीं मिला। आस-पास तलाश की। मौत के कारणों का खुलासा नहीं हो पाया हैं कोतवाली थानाधिकारी दिलीप दान ने बताया कि 18 साल के सुनील बरंडा ने पेड़ से फंदा लगाकर जान दे दी। मृतक 12वीं का छात्र था। मामले में पिता बसंत बरंडा निवासी बलवाडा वेरात फला ने मामला दर्ज करवाया है। पिता ने बताया कि शनिवार रात परिवार के लोग खाना खाकर सो गए। सुबह उठकर देखा तो बेटा पलंग पर नहीं मिला। आस-पास तलाश करने पर घर

से करीब 200 मीटर दूर एक पेड़ से रस्सी के फंदे पर लटका मिला। मौके पर पहुंची कोतवाली पुलिस ने शव को फंदे पर नीचे उतारा और अस्पताल के मोर्चरी में रखवाया। पिता बसंत ने सुनील की मौत को लेकर किसी भी तरह के संदेह से इंकार किया है। मौत का कारण भी स्पष्ट नहीं हो पाया है। पोस्टमार्टम करवाकर शव परिजनों को सौंपा गया। मृतक सुनील के 5 भाई है। जिसमें से 2 बड़े भाई मजदूरी करते है और 2 छोटे भाई पढ़ाई करते है।

नवजात बेटी से मिलकर लौटे पिता की दुर्घटना में मौत

डूंगरपुर। सात दिन पहले जन्मी बेटी से मिलने आए पिता की सड़क हादसे में मौत हो गई। युवक बांसवाडा के केलूकुआं गांव का रहने वाला है और हड़मतिया में अपने ससुराल आया था। चौरासी थानाधिकारी भेमजी ने बताया कि हादसे में सुभाष डामोर (30) पुत्र गुलाबचंद डामोर निवासी केलूकुंआ थाना आनंदपुरी बांसवाड़ा की मौत हो गई है। मामले में मृतक के पिता ने बाइक चालक के खिलाफ मामला दर्ज करवाया है।

पुलिस को पिता ने बताया कि उसका बेटा सुभाष अपने ससुराल डूंगरपुर के चौरासी थाना क्षेत्र के हड़मतिया गांव गया था। 10 अक्टूबर को उसकी पत्नी रेखा डामोर ने बेटी को जन्म दिया था।

बेटी से मिलने के बाद शनिवार को लिखी गांव में अपने परिचित को मिलने गया। शाम को वापस बाइक लेकर लौट रहा था। रास्ते में हड़मतिया गांव के पास सामने से आ रही दूसरी बाइक से टक्कर हो गई। हादसे में सुभाष के सिर और हाथ-पैर पर गंभीर चोंटे आई। हादसे के बाद दूसरी बाइक का चालक मौके से फरार हो गया। घायल को डूंगरपुर जिला अस्पताल में भर्ती करवाया गया। जहां इलाज के दौरान सुभाष ने दम तोड़ दिया।

चेंबर ने किया आईएएस में चयनित हेमंत कलाल और प्रेक्षा कोठारी का सम्मान

डूंगरपुर। चेम्बर ऑफ कॉमर्स की ओर से आज तीजवड स्थित एक होटल में जिले के दो युवाओं का आईएएस में चयन होने पर सम्मान समारोह आयोजित किया गया। समारोह के मुख्य अतिथि चम्बर ऑफ़ कॉमर्स के अध्यक्ष के के गुप्ता रहे वही कार्यक्रम में चेम्बर के अन्य पदाधिकारी भी मौजूद रहे। समारोह में अतिथियों ने आईएएस में चयनित होकर जिले व प्रदेश का नाम रोशन करने वाले दामडी निवासी हेमंत कलाल व साबला निवासी प्रेक्षा कोठारी का सम्मान किया गया। इस मौके पर चेम्बर के अध्यक्ष के के गुप्ता

ने समारोह को संबोधित किया। उन्होंने कहा की जिले के हेमंत व प्रेक्षा ने आईएएस में चयन होकर अपने गाँव व जिले का मान बढ़ाया है।

ऐसी प्रतिभाओं पर जिले की जनता को गर्व है। उन्होंने जिले के अन्य युवाओं से भी हेमंत व प्रेक्षा से प्रेरणा लेने का आव्हान किया। इस मौके पर आईएएस में चयनित हेमंत व प्रेक्षा ने भी समारोह को संबोधित किया और आईएएस में मिली सफलता के पीछे अपने संघर्ष के बारे में बताया और दोनों ने ही समाज में वंचित लोगो की सेवा करने की अपनी भावना को व्यक्त किया।

उपेन यादव ने ट्रीटमेंट लेने से किया इनकार, आमरण अनशन जारी रखने की दी चेतावनी

धरने में प्रदेशभर से बेरोजगारों की भीड़ बढ़ती जा रही है

जयपुर। 21 सूत्री मांगों को लेकर चार दिन पहले राजस्थान बेरोजगार एकीकृत महासंघ अध्यक्ष उपेन यादव आमरण अनशन पर बैठे. तबीयत ज्यादा खराब होने के बाद कल रात ही उनको एसएमएस अस्पताल के आईसीयू में भर्ती करवाया गया, जहां पर भी उपेन यादव ने अपना आमरण अनशन जारी रखने की चेतावनी देते हुए ट्रीटमेंट लेने से इनकार कर दिया है।

प्रदेशभर से बेरोजगारों की भीड़ बढ़ती जा रही है। ऐसे में अब शहीद स्मारक पर दिए जा रहे धरने में प्रदेशभर से बेरोजगारों की भीड़ बढ़ती जा रही है। गौरतलब है कि रीट, एसआई भर्ती की सीबीआई से जांच सहित 23 फरवरी और 3 अप्रैल को मंत्रियों के साथ हुए लिखित समझौतों की मांगों को पूरा करने की मांग को लेकर उपेन यादव ने आमरण अनशन की शुरूआत की है।

अतिशय क्षेत्र योगीन्द्र गिरी पर हुई सिद्धों की आराधना

सागवाड़ा। स्थानीय श्री योगीन्द्र गिरी दिगम्बर जैन अतिशय क्षेत्र प्रखर वक्ता आचार्य अनुभव सागर महाराज ससंघ के सानिध्य मे यजमान भूरी देवी रतनलालजी खोडनिया परिवार द्वारा आठ दिवसीय सिद्ध चक्र महामण्डल विधान के पाचवें दिन रविवार सुबह सिद्ध चक्र विधान की पांचवी पूजा के तहत इन्द्र इन्द्राणियो के समूह द्वारा सौधर्म इन्द्र दिनेश खोड़निया के नेतृत्व मे विधान मंडप पर 128 अष्ट द्रव्य युक्त श्रीफल चढाये गये। समाज के प्रतिष्ठाचार्य विनोद पगारिया ने बताया कि सकल दिगम्बर जैन समाज के संयोजन मे आयोजित विधान के पांचवे दिन रविवार को सुबह प्रखर वक्ता आचार्य अनुभव सागर महाराज ससंघ सानिध्य मे संहितासूरि प्रतिष्ठाचार्य हंसमुख जी जैन धरियावद के मंत्रोच्चारण के साथ शांतिनाथ भगवान चंद्रप्रभु भगवान मुनीसुव्रतनाथ भगवान पारसनाथ भगवान की प्रतिमा पर महाअभिषेक एवं शांतिधारा यजमान परिवार द्वारा की गई पश्चात विनय पाठ पूजा पिठिका के साथ नव देवता पूजा की गई। श्रद्धालुओं द्वारा संगीतकार रामकुमार की मधुर धुनों के साथ भक्ति नृत्य किया गया बाहर से बाहर से पधारे हुए अतिथियों का उपरना ओढाकर स्वागत किया गया। धर्म सभा को संबोधित करते हुए आचार्य अनुभव सागर महाराज ने कहा कि जीवन मे किसी भी क्षण वैराग्य हो सकता है। वैराग्य से पल भर मे स्थितिया बदल जाती है । जीवन मे हमे भेदभाव को छोडकर भेद विज्ञान को अपनाना चाहिए कार्य करना तो सब जानते है पर कार्य को व्यवस्थित कैसे करे यह बिरले ही जानते है । श्रेष्ठ कर्म एवम पुण्य के द्वारा जीव अरिहन्त बन सकता है ,जगत पूज्य हो जाता है। शाम को जिनेन्द्र भगवान की ,विधान की एवम आचार्य अनुभव सागर जी की आरती उतारी गयी।

भाजपा ने जारी किया ब्लैक पेपर, 15 दिसम्बर को जयपुर में करेगी बड़ा आंदोलन

उपखंड मुख्यालयों पर18 को हल्ला-बोल

जयपुर। राजस्थान की गहलोत सरकार के तीन वर्ष 17 दिसंबर को पूरे हो रहे हैं। इन 3 वर्षों के जितने भी मुद्दे हैं उन्हें लेकर 15 दिसंबर को जयपुर में बड़ा आंदोलन किया जाएगा। पूरे प्रदेश भर से करीब 2 लाख लोग इस आंदोलन में जुटाने का लक्ष्य रखा गया है। भाजपा प्रदेशाध्यक्ष सतीश पूनियां की अध्यक्षता में रविवार को भाजपा मुख्यालय पर हुई संगठनात्मक बैठक में आंदोलन की रूपरेखा तैयार की गई। बैठक के बाद उपचुनाव को लेकर भाजपा ने गहलोत सरकार के खिलाफ ब्लैक पेपर भी जारी किया गया। भाजपा प्रदेश अध्यक्ष सतीश पूनिया ने बताया कि सरकार के खिलाफ आंदोलन की शुरुआत 28 अक्टूबर

को सभी उपखंड मुख्यालय पर बिजली बिलों में बढ़ोतरी के खिलाफ हल्ला बोल कार्यक्रम के साथ होगी। इसके बाद 25 से 30 नवंबर तक सभी जिला मुख्यालयों पर किसान कर्जमाफी, बेरोजगारी सहित कई मुद्दों को लेकर कलेक्ट्रेट का घेराव किया जाएगा और कलेक्टर को ज्ञापन सौंपा जाएगा। भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा अगले महीने उदयपुर के प्रवास पर आएंगे। नड्डा का प्रवास 1 दिन का होगा। पार्टी ने तारीख तय की है जिस पर नड्डा से सहमति ली जाएगी। भाजपा ने सभी आंदोलनों के लिए भीड़ जुटाने के अलग—अलग लक्ष्य तय किए हैं। 28 अक्टूबर को उपखंड स्तर पर होने वाले कार्यक्रम में 1000 कार्यकर्ताओं को जुटाने का लक्ष्य दिया गया है। इसी तरह 25 से 30 नवंबर तक जिला मुख्यालय पर होने वाले विरोध प्रदर्शन और कलेक्ट्रेट घेराव में प्रत्येक जिला मुख्यालय पर 10 हजार कार्यकर्ताओं को आंदोलन में जुटाने का लक्ष्य तय किया है।

कांग्रेस विधायकों को माफियाओं से पैसे वसूलने का लाईसेंस दे रखा है गहलोत सरकार ने:अरूण सिंह

जयपुर । भाजपा के प्रदेश प्रभारी अरूण सिंह ने कहा कि राजस्थान में दो जगह उप चुनाव चल रहे है पूरी की पूरी सरकार मशीनरी वहां पर लगा दी है। और मंत्री व विधायक को पहले ही गहलोत सरकार ने यह लाईसेंस दे रखा है बजरी माफिया, खनन माफिया हो उनसे जितना पैसा वसुल कर सकते है वसुल करों, खुली छुट है। सभी विधायक क्षेत्र अपने अपने क्षेत्र के मंत्री है कोई अंकुश नहीं है। अपनी जीत सुनिश्चित कराने के लिये भारतीय जनता पार्टी अपने दमखम के साथ चुनाव लड़ रही है और दोनों ही जगह बहुत अच्छी बढ़त पर है और अच्छे परिणाम से जीतेगी। सिंह ने कहा कि प्रदेश का गृह मंत्री पूर्णकालिक नहीं है, चिकित्सा मंत्री गुजरात में भ्रमण कर रहे है राजस्थान में चिकित्सा की कोई चिंता नहीं है और शिक्षा मंत्री का तो कमाल ही है वो भी पूर्णकालिक शिक्षा मंत्री नहीं हैं केवल घोटालों के अलावा। उल-फिजूल करके आरोप लगाने के अलावा कोई भी काम शिक्षा मंत्री के पास नहीं है। उन्होंने कहा कि गृह मंत्रालय, शिक्षा और चिकित्सा मंत्रालय भगवान भरोसे चल रहा है। अपराध का लगातार बढ़ते रहना और शिक्षा में लगातार गिरावट होना नकल कराना, सरकार अपने लागों को अधिक नम्बर दिलाकर पास कराना। चिकित्सा क्षेत्र में पूरे राजस्थान में जर्जर व्यवस्था है।

नगरीय विकास मंत्री ने शहर में किया मियावाकी पद्धति से वृक्षारोपण

जयपुर। नगरीय विकास मंत्री शांति धारीवाल ने जयपुर शहर में आबादी विस्तार के साथ-साथ बढते हुए ध्वनि एवं वायु प्रदूषण को दृष्टिगत रखते हुए रविवार को शहर के विभिन्न पार्को एवं जविप्रा भूमियों पर मियावाकी पद्धति से 10 स्थानों पर सघन वृक्षारोपण एवं संधारण कार्य को बढावा देते हुए रविवार को वृक्षारोपण किया। नगरीय विकास मंत्री ने बताया कि यह वनरोपण की एक पद्धति है जिसका आविष्कार मियावाकी नामक जापान के एक वनस्पतिशास्त्री ने किया था। इसमें छोटे-छोटे स्थानों पर छोटे-छोटे पौधे रोपे जाते हैं जो साधारण पौधों की तुलना में दस गुनी तेजी से बढ़ते हैं। इस अवसर पर जयपुर विकास आयुक्त गौरव गोयल ने बताया कि नगरीय विकास मंत्री शांति धारीवाल के निर्देशन में जेडीए द्वारा जयपुर शहर में बढती आबादी एवं ध्वनि व वायु प्रदूषण को कम करने के लिए विभिन्न पार्को एवं जविप्रा भूमियों पर मियावाकी पद्धति से 10 स्थानों पर सघन वृक्षारोपण कर संधारण किया जायेगा।

भर्ती परीक्षाओं में गड़बड़ी करने वालों के खिलाफ होगी सख्त कार्रवाई :गहलोत

जयपुर। मुख्यमंत्री अशोक गहलोत ने कहा कि भर्ती परीक्षाओं में गड़बड़ी रोकने एवं अनुचित साधनों के प्रयोग में शामिल लोगों के खिलाफ सख्ती के लिए राज्य सरकार इससे जुड़े कानून को और कड़ा बनाएगी। इस सम्बन्ध में जल्द ही अध्यादेश लाया जाएगा। इसमें प्रतियोगी परीक्षाओं में नकल कराने, पेपर लीक सहित अन्य गड़बड़ियों में शामिल लोगों के खिलाफ सख्त कार्रवाई के प्रावधान होंगे। भर्ती परीक्षाओं में अनुचित साधनों के प्रयोग को संज्ञेय अपराध के साथ ही इसे गैर-जमानती अपराध की श्रेणी में शामिल किया जाएगा और इससे जुड़ी सजा तीन साल से बढ़ाकर सात साल करने का प्रावधान किया जाएगा। गहलोत रविवार को मुख्यमंत्री निवास पर आयोजित गृह विभाग की उच्च-स्तरीय बैठक को सम्बोधित कर रहे थे। उल्लेखनीय है कि वर्तमान में प्रचलित कानून में इस सम्बन्ध में तीन वर्ष की सजा का प्रावधान है, जिसे बढ़ाकर सात साल किया जाएगा। मुख्यमंत्री ने कहा कि भविष्य में होने वाली

समस्त भर्ती परीक्षाओं में गड़बड़ी होने पर इसमें संलिप्त पाए गए लोगों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाए। भर्ती परीक्षाओं में पेपर लीक, डमी केन्डीडेट बैठाने एवं नकल कराने जैसे प्रकरणों में किसी भी सरकारी अधिकारी-कर्मचारी की संलिप्तता पाए जाने पर राज्य सरकार उसे सेवा से बर्खास्त करेगी। साथ ही, किसी निजी शिक्षण संस्थान से जुड़े व्यक्ति की किसी गड़बड़ी में संलिप्तता पाई गई तो संबंधित संस्थान की मान्यता स्थायी रूप से समाप्त कर दी जाएगी। गहलोत ने बैठक में कहा कि रीट-2021 की तरह ही अक्टूबर माह में प्रस्तावित पटवारी भर्ती परीक्षा एवं इसके बाद आयोजित होने वाली आरएएस प्रारंभिक परीक्षा के सभी अभ्यर्थियों को नि:शुल्क यात्रा की सुविधा उपलब्ध कराई जाएगी। उन्होंने कहा कि दोनों परीक्षाओं के अभ्यर्थियों को नि:शुल्क यात्रा की सुविधा उपलब्ध कराने के लिए रोडवेज बसों के अलावा पर्याप्त संख्या में निजी बसों की व्यवस्था की जाए। उन्होंने इस संबंध में व्यवस्थाओं के लिए प्रमुख शासन सचिव परिवहन को निर्देश दिए। मुख्यमंत्री ने मुख्य सचिव निरंजन आर्य एवं पुलिस महानिदेशक एम एल लाठर को जिलों के कलेक्टर-एसपी के साथ वीडियो कॉन्फ्रेंस कर आगामी भर्ती परीक्षाओं के दौरान कानून एवं व्यवस्था की स्थिति बनाए रखने एवं किसी भी तरह की गड़बड़ी रोकने के संबंध में आवश्यक दिशा-निर्देश देने को कहा। मुख्यमंत्री के निर्देश के बाद मुख्य सचिव एवं डीजीपी सोमवार को जिलों के कलेक्टर-एसपी के साथ वीसी करेंगे। बैठक में पुलिस महानिदेशक एम एल लाठर, प्रमुख शासन सचिव गृह अभय कुमार, पुलिस महानिदेशक (इन्टेलिजेन्स) उमेश मिश्रा, अतिरिक्त पुलिस महानिदेशक पुलिस मुख्यालय सौरभ श्रीवास्तव, एडीजी (एसओजी) अशोक राठौड़ सहित अन्य अधिकारी शामिल हुए।